
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

09 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

छोटा लक्ष्य अपराध है लक्ष्य बड़ा रखें ।

**एपीजे अब्दुल कलाम**



राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 09 नवम्बर

1. **राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस–** सभी नागरिकों को उचित निष्पक्ष न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से इसकी जारूकता फैलाने हेतु प्रतिवर्ष 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वर्ष 1995 ई. में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के अभिवंचित, गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। भारत का मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का मुख्य संरक्षक होता है।
2. **उत्तराखंड स्थापना दिवस–** उत्तर भारत में स्थित उत्तराखंड राज्य की स्थापना 9 नवम्बर, 2000 ई. को हुई थी। यह उत्तरप्रदेश के तेरह पहाड़ी जिलों को मिलाकर गठित किया गया था। इसकी राजधानी देहरादून है। वर्ष 2000 से 2006 तक यह उत्तरांचल के नाम से जाना जाता था। इसके उत्तर में चीन, पश्चिम में हिमाचल प्रदेश और उत्तरप्रदेश, दक्षिण में उत्तरप्रदेश, और पूर्व में नेपाल स्थित है। प्रसिद्ध धार्मिक केन्द्र केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री इसी प्रदेश में स्थित है। कई महत्वपूर्ण पर्वतीय केन्द्र जैसे अल्मोड़ा, मंसूरी, नैनीताल आदि इसी राज्य में स्थित हैं। नैनीताल को 'झीलों की नगरी' और मसूरी को 'पहाड़ों की रानी' भी कहा जाता है।
3. **कॉस्मिक किरणों की खोज–** वर्ष 1925 में परिमित अंतरिक्ष से अत्याधिक मर्मज्ञ विकिरणों की पुष्टि राबर्ट ए. मिलिकन ने की। इन किरणों को अब 'कॉस्मिक किरणों' के नाम से जाना जाता है।
4. **नालंदा जिला स्थापना दिवस –** नालंदा जिला की स्थापना 9 नवम्बर, 1972 ई. को किया गया था। नालंदा, पूर्व में पटना जिले के बिहारशरीफ अनुमंडल हुआ करता था। इस जिला का मुख्यालय बिहारशरीफ है। नालंदा जिले में तीन अनुमण्डल और 20 प्रखण्ड हैं। प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय इसी जिले में अवस्थित है। इसके अतिरिक्त प्रमुख पर्यटन स्थलों में राजगीर का गर्म कुण्ड, विश्व शांति स्तूप, सोन भंडार, जरासंघ का अखाड़ा, पावापुरी आदि प्रमुख हैं। पावापुरी का जलमंदिर जैन धर्मावलम्बियों का प्रमुख स्थल है। यहां जैन तीर्थंकर महावीर को निर्वाण प्राप्त हुआ था। राजगीर के गर्मकुण्ड में मलमास मेले का आयोजन किया जाता है। इस जिले का सिलाव का खाजा भी प्रसिद्ध है। इसी जिले के हरनौत नामक स्थान पर रेल बैगन कारखाना स्थापित किया गया है।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया भाग 1** के अध्याय 9 **'बिहार दर्शन'** अथवा वर्ग पाँच **'पर्यावरण और हम भाग 3'** के अध्याय 5 **'ऐतिहासिक स्मारक'** से जोड़कर बच्चों को बतायें।
   - **क्या दिखायें?** बच्चों को नालंदा विश्वविद्यालय/राजगीर की श्रव्य–दृश्य सामग्री दिखलायें।

Saturday

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

9 नवंबर

## मधु प्रिया


# नालंदा जिला की स्थापना 9 नवम्बर



नालंदा भारत के बिहार प्रान्त का एक जिला है जिसका मुख्यालय बिहार शरीफ है।। नालंदा अपने प्राचीन इतिहास के लिये विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ विश्व के सबसे पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष आज भी मौज़ूद है, जहाँ सुदूर देशों से छात्र अध्ययन के लिये भारत आते थे। बुद्ध और महावीर कई बार नालन्दा मे ठहरे थे। माना जाता है कि महावीर ने मोक्ष की प्राप्ति पावापुरी मे की थी, जो नालन्दा मे स्थित है। बुद्ध के प्रमुख छात्रों मे से एक, शारिपुत्र, का जन्म नालन्दा मे हुआ था। नालंदा पूर्व में अस्थामा तक पश्चिम में तेल्हारा तक दछिन में गिरियक तक उतर में हरनौत तक फैला है। विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालय के अवशेषों को अपने आंचल में समेटे नालन्दा बिहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहाँ पर्यटक विश्वविद्यालय के अवशेष, संग्रहालय, नव नालंदा महाविहार तथा ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल देख सकते हैं। इसके अलावा इसके आस-पास में भी घूमने के लिए बहुत से पर्यटक स्थल है। राजगीर, पावापुरी, गया तथा बोध-गया यहां के नजदीकी पर्यटन स्थल हैं। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7वीं शताब्दी में यहाँ जीवन का महत्त्वपूर्ण एक वर्ष एक विद्यार्थी और एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किया था। भगवान बुद्ध ने यहाँ उपदेश दिया था। भगवान महावीर भी यहीं रहे थे। प्रसिद्ध बौद्ध सारिपुत्र का जन्म यहीं पर हुआ था। नालंदा में राजगीर में कई गर्म पानी के झरने है, इसका निर्माण कहा जाता है की राजा बिम्बिसार ने अपने सासन काल में किया था, राजगीर नालंदा का मुख सहारे है, ब्रह्मकुण्ड, सरस्वती कुण्ड और लंगटे कुण्ड यहाँ पर है, कई बिदेसी मन्दिर भी है यहाँ चीन का मन्दिर, जापान का मन्दिर आदि. नालंदा जिले में जामा मस्जिद भी है जो के बिहार शरीफ मे पुलपर है। यह बहुत ही पुराना और विशाल मस्जिद है। लोकसभा के रूप में 1957 को जिला के रूप में 1972 में आया नालंदा का अस्तित्व 1957 में भले ही नालंदा लोकसभा के नाम से देश के संसदीय क्षेत्रों में एक अलग लोकसभा क्षेत्र शामिल हुए लेकिन एक जिला के रूप में नालंदा 1972 में अस्तित्व में आया। पटना से अलग होकर नालंदा एक अलग जिला बना। बिहारशरीफ के नालंदा जिला 9 नवम्बर, 1 9 72 को स्थापित किया गया था।

# जयंती विशेष 09 नवंबर

राकेश कुमार




**मोहम्मद इक़बाल** (जन्म- 9 नवम्बर, 1877, सियालकोट, पंजाब, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 21 अप्रैल, 1938) एक आधुनिक भारतीय प्रसिद्ध मुसलमान कवि थे। इक़बाल ने अपनी अधिकांश रचनाएँ फ़ारसी में की हैं। "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" यह मशहूर गीत इक़बाल का ही लिखा हुआ है। मोहम्मद इक़बाल का यह मत था कि इस्लाम धर्म रूहानी आज़ादी की जद्दोजहद के जज़्बे का अलमबरदार है, और सभी प्रकार के धार्मिक अनुभवों का निचोड़ है। वह कर्मवीरता का एक जीवन्त सिद्धान्त है, जो जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **09.11.2024**

## नज्म

वैसे तो उर्दू की हर कविता को नज़्म कहा जा सकता है। पर वर्तमान समय में इसका प्रयोग साधारणतः गज़ल को 'छोड़कर' बाकि कविताओं के लिए होता है। वर्तमान समय में यह शब्द किसी भी विषय पर लिखी गई 'नए ढंग' की कविता के लिए प्रचलित है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



[redacted]

लक्षद्वीप 36 द्वीपों का समूह है, लेकिन इनमें से केवल 10 द्वीपों पर ही लोग रहते हैं

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## | मिशन ओलम्पिक 2036 ( भारत ) |

## गुजरात को मिल सकती है 2036 ओलिंपिक की मेजबानी: नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास 6 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेंगे, प्रोजेक्ट 3 लाख करोड़ का संभव

### अब तक क्या-क्या हुआ?

2023 में मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी की मीटिंग हुई

2023 में न्यूयॉर्क में पीएम मोदी ने कहा था कि अब भारत में भी ओलंपिक गेम्स होंगे

तत्कालीन खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने घोषणा की- भारत ओलंपिक मेजबानी की दावेदारी पेश करेगा

गुजरात सरकार ने गुजरात ओलंपिक प्लानिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी बनाई

कंपनी ने अहमदाबाद और गांधीनगर में सर्वे कर 22 जगहें आइडेंटिफाई कीं

2024 में पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा कि 2036 ओलंपिक आयोजित करना भारत का सपना है

2024 में भारत ने ओलंपिक मेजबानी की दावेदारी के लिए IOC को लेटर लिखा


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
9 नवम्बर
उत्तराखण्ड
राज्य स्थापना दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



www.teachersofbihar.org






# नालंदा जिला स्थापना दिवस

की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


9 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय
विधिक सेवा दिवस
पर सभी कर्मियों को हार्दिक
शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
पुनीता कुमारी


9 नवंबर
उत्तराखंड
राज्य स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org